Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 322 ◻ रायपुर, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

विपक्ष के हंगामे से ठप रहा प्रश्नकाल सदन की कार्यवाही 3 बार स्थगित

'सत्यमेव जयते' का पोस्टर लेकर सदन में पहुंचे कांग्रेस विधायक, नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में किया प्रवेश, हुए निलंबित

रायपुर, 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज विपक्ष के तीखे विरोध और हंगामे के चलते कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही। प्रश्नकाल की पूरी कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई और एक भी सवाल पर चर्चा नहीं हो सकी।

पोस्टर विवाद से शुरू हुआ हंगामा: विपक्ष के विधायक 'सत्यमेव जयते' लिखे पोस्टर पहनकर सदन में पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद विधायकों ने पोस्टर नहीं हटाए, जिससे सदन का माहौल गरमा गया। इसके बाद पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई।लगातार शोर-शराबे और आरोप-प्रत्यारोप के चलते विधानसभा की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी। हालात ऐसे बने कि प्रश्नकाल पूरी तरह बाधित रहा।शून्यकाल भी प्रभावित: हंगामे का असर शून्यकाल पर भी पड़ा। विपक्ष नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर लगातार प्रदर्शन करता रहा, जिससे शून्यकाल की कार्यवाही भी सुचारू रूप से नहीं चल सकी। कार्यवाही शुरू होते ही फिर हंगामा: स्थगन के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, वैसे ही पक्ष और विपक्ष के बीच फिर से बहस छिड़ गई। देखते ही देखते बहस ने हंगामे का रूप ले लिया और सदन में अव्यवस्था का माहौल बन गया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों के सीने पर सत्यमेव जयते का पोस्टर लगाए जाने पर भाजपा विधायकों ने आपत्ति जताई. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल किया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बता दें कि क्या ऐसी परंपरा रही है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कांग्रेस के दो नेता पोस्टर नहीं लगाए हैं, और बाकी के विधायकों को मजदूर समझकर पोस्टर लगवाकर लाए हैं. इस पर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आप मजदूर कहकर जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रहे हैं। इस आसंदी ने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही में सहयोग करने की बात कहते हुए कहा कि आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं. जिन्होंने भी बैनर-पोस्टर लगाकर रखे हैं, वे बाहर निकालकर सदन की कार्यवाही में शामिल हुए. इस पर कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के सवाल करने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि व्यवस्था पर कोई सवाल नहीं होता. इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के हस्तक्षेप करने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रश्नकाल में कोई भाषण नहीं होता है. इस तरह से पक्ष-विपक्ष के बीच नोक-झोंक के बीच आसंदी ने पांच मिनट के लिए स्थगित की। इधर कांग्रेस के सभी विधायक 'सत्यमेव जयते' की तख्ती लेकर सदन में पहुंचे थे. विधायक नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई का विरोध कर रहे थे. सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच तीखी बहस हुई. सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया. अजय चंद्राकर ने आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताई. विपक्ष ने जाँच एजेंसियों के दुरूपयोग पर स्थगन लाया था. आसंदी ने विपक्ष के स्थगन को अग्राह्य किया. इसके साथ ही सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार नारेबाजी शुरू हो गई. नारेबाजी करते हुए विपक्षी सदस्य गर्भगृह में पहुंचे. विपक्षी सदस्य सत्यमेव जयते के साथ जाँच एजेंसियों का दुरूपयोग करना बंद करो, भारत माता की जय, महात्मा गांधी की जय का नारा लगाते हुए गर्भगृह में पहुँचे. गर्भगृह में पहुंचने पर विपक्षी सदस्य निलंबित किए गए.

लोक हित से जुड़े विषयों पर कार्यवाही को बाधित करना निंदनीय : डॉ. रमन

प्रश्नकाल की कार्यवाही बाधित होने पर स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी जताई. उन्होंने विपक्षी सदस्यों के अनुचित व्यवहार की निंदा की. स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस विधायकों के सीने पर पोस्टर लगाकर आने पर सत्तापक्ष के विधायकों की आपत्ति के बीच कहा कि लोक हित से जुड़े विषयों पर कार्यवाही को बाधित करना निंदनीय है. विपक्षी सदस्य सदन की कार्यवाही के जानकार हैं, बावजूद उन्होंने जो किया वह अमर्यादित है, मैं आगे उनके विवेक पर छोड़ता हूं.

आठ बसों और तीन कारों में टक्कर, 13 यात्रियों की मौत

अधिकांश जिंदा जल गए

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। मथुरा के यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे में बलदेव स्थित माइलस्टोन 127 के पास सात डबल डेकर और एक रोडवेज सहित आठ बसों और तीन कारों में टक्कर के बाद आग लग गई। आठों बसें जलकर राख हो गईं। चार अन्य डबल डेकर बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में 13 यात्रियों की मौत हो गई, इनमें से अधिकांश जिंदा जल गए

यमुना एक्सप्रेस-वे पर हादसा

मथुरा में हुए सड़क हादसे में बस और कारों में लगी आग पर काबू पाने के लिए मथुरा, आगरा और हाथरस की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल की गाड़ियों से कर्मचारियों ने पानी तेज बौछार के साथ आग बुझाने के लिए बसों में डाला तो शवों के अंग बिखर गए। इन्हें बाद में एकत्रित करके बैग में रखा और पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया। मौके पर दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने के लिए जैसे ही पानी की बौछार डालीं तो आग में बुरी तरह जले शव बिखर गए। पहले तो इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई, आग बुझने के बाद जब कर्मचारी वाहनों के अंदर गए तो शवों के जले हुए अंग बिखरे पड़े थे। यह देख अधिकारियों और कर्मचारियों के होश फाख्ता हो गए। आनन-फानन अधिकारियों ने वाहनों और घटनास्थल पर बिखरे पड़े मानव शरीर के अंगों को एकत्रित किया और बैग में रखकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया। यही कारण रहा कि पोस्टमार्टम हाउस पर शवों की संख्या जहां 13 थी, वहीं बैग 17 थे।

ब्रेकिंग न्यूज

अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

बिलासपुर, 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के रतनपुरडुंडिबिलासपुर नेशनल हाइवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ है. बुधवार की तड़के सुबह 4 बजे अज्ञात भारी वाहन ने 35डब्लू40 वर्षीय युवक को कुचला, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई. शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला है. पूरा मामला कोनी पुलिस क्षेत्र का है. (बिलासपुर में 17 दिसंबर को भीषण सड़क हादसा) जानकारी के मुताबिक, सेंदरीडुंडुर्कीडीह ब्रिज के बीच यह हादसा हुआ है. यहां अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को कुचल दिया. हादसा इतना दर्दनाक था कि शव की पहचान करना काफी मुश्किल है. हादसे के बाद चालक वाहन के साथ मौके से फरार हो गया. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल कोनी पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, केन्द्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदल दिया है।
चुहिया- हां जी, अब गाएं... नाम भी बदल जाएगा, चेहरा भी बदल जाएगा मेरी आवाज ही पहचान है...!

पीएम मोदी को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, अब तक 28 देशों ने नवाजा

नई दिल्ली, 17 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अभी अभी मुझे ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथोपिया के रूप में इस देश का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया गया है। मैं सभी भारतवासियों की ओर से इस सम्मान को पूरी विनम्रता और कृतज्ञता से ग्रहण करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी को एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। इस बार अफ्रीकी देश इथियोपिया ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया है। सम्मान समारोह इथियोपिया की राजधानी अरीस अबाबा में अरीस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और इथियोपिया के बीच विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने और एक दूरदर्शी वैश्विक नेता के रूप में उनकी भूमिका के लिए दिया गया है।

पीएम नरेंद्र मोदी को इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा की आधिकारिक यात्रा के दौरान देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इथियोपिया के पीएम अबिय अहमद अली ने एक विशेष समारोह में प्रदान किया। इथियोपिया के इस अवार्ड के साथ ही पीएम मोदी को अब तक दुनिया के अलग-अलग देशों से करीब 28 सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले, पीएम मोदी ने जॉर्डन की राजधानी अम्मान में जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला-2 से खास मुलाकात की। क्राउन प्रिंस मोदी को जॉर्डन म्यूजियम तक खुद गाड़ी चलाकर ले गए।

सीएम साय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इथियोपिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे भारत के लिए एक ऐतिहासिक, अविस्मरणीय और अत्यंत गौरवशाली क्षण बताया है.

सौम्या चौरसिया को ईडी कोर्ट में किया गया पेश

रायपुर, 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में गिरफ्तार राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया को ईडी ने आज स्पेशल कोर्ट में पेश किया. ईडी ने मंगलवार को पूछताछ के बाद सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया था. अब आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया है.

रिमांड पर लेने की तैयारी

बता दें कि सौम्या चौरसिया को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाला में पूछताछ के लिए मंगलवार को तलब किया था. लंबी पूछताछ के बाद ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया था. सौम्या चौरसिया कोयला घोटाला मामले की मुख्य आरोपियों में शामिल हैं. इससे पहले मई महीने में सुप्रीम कोर्ट की शर्तों पर सौम्या चौरसिया समेत छह आरोपियों को रिहा किया गया था. रिहाई के दौरान कोर्ट ने उन्हें राज्य से बाहर रहने के निर्देश भी दिए थे।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान 2019 से 2023 तक शराब नीति को बदलकर चहेते सप्लायरों के माध्यम से शराब घोटाला हुआ. इसमें लाइसेंस की शर्तें ऐसी रखी गई कि चहेती कम्पनियों को काम मिल सके. उन कंपनियों ने नकली होलोग्राम और सील बनवाई. यह काम नोएडा की एक कंपनी ने किया. इसके बाद नकली होलोग्राम लगी शराब की महंगी बोतलें सरकारी दुकानों के माध्यम से बिक्री करवाई गई. चूंकि नकली होलोग्राम था तो बिक्री की जानकारी शासन को नहीं हो पाती थी और बिना एक्साइज टैक्स दिए शराब की बिक्री होती रही. इस तरह से शासन को 2165 करोड़ रुपए के टैक्स का चूना लगाया गया. यह रकम कांग्रेस भवन बनवाने से लेकर नेताओं, अधिकारियों और मंत्रियों तक बंटे।

पेड़ से टकराकर बाइक सवार 2की मौत, भतीजे के लिए लड़की देखकर घर लौट रहे थे

भानुप्रतापपुर, 17 दिसंबर (हाईवे चैनल)। कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में पेड़ से टकराकर बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा ग्राम फरसकोट के पास हुआ। घटना के समय रावघाट थाना प्रभारी राम कुमार साव भानुप्रतापपुर आ रहे थे, उन्होंने गंभीरता को देख तत्काल अपने निजी वाहन में दोनों को भानुप्रतापपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित किया।

थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख के अनुसार डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम ठेमा निवासी जोहर सिंह पटेल (55) और अशोक कुमार पटेल (50) एक ही बाइक में सवार थे। दोनों अपने भतीजे की शादी के लिए लड़की देखकर अंतागढ़ से वापस आ रहे थे। तभी फरस कोट के पास यह हादसा हुआ। देर शाम शवों का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही

गाताबाहरा के जंगल में तीन वर्षीय बच्चे की मिली लाश, जानवरों द्वारा नोंचने की आंशका

धमतरी, 17 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। उदंती सीतानदी अभ्यारण्य अंतर्गत रिसगांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत खल्लारी के आश्रित ग्राम गाताबाहरा में यह घटना हुई। रविवार की शाम करीब 5 बजे रोशन मरकाम का पुत्र देवेश कुमार 3 साल अपने घर के आंगन में खेल रहा था, अचानक वह लापता हो गया। परिजनों ने जब खोजबीन किया तो घर से करीब एक किसी दूर जंगल में उसका शप मिला चेहरे में बुरी तरह नोंचे जाने के निशान थे। बच्चें की पहचान उसके कपड़े से की गई। प्रथम दृष्टया यह मामला लग रहा था कि घर के आंगन में खेल रहे मासूम को तेंदुआ उठाकर ले गया होगा। जिसने जंगल में मासूम को नोंचकर मार डाला लेकिन जांच में तेंदुए की मौजूदगी का कोई प्रमाण नही मिला।

पुलिस व सीतानदी अभ्यारण्य टीम द्वारा की जा रही जांच

सीतानदी अभ्यारण्य के निदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में रात में ही टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई थी। करीब चार से पांच घंटे की जांच के बाद भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। दरअसल घटना स्थल के आसपास कहीं भी तेंदुए के पद चिन्ह नहीं मिले, न उसका मल मूत्र मिला। बल्कि मासूम के घर से जंगल जाने वाले रास्ते में एक व्यस्क व्यक्ति के चप्पल के निशान, मासूम की चप्पल का निशान व पालतू कुत्ते के पैरो का निशान मिला है। जिससे यह संभावना जताई जा रही कि मासूम को कोई व्यक्ति जंगल की ओर लेकर गया होगा, वहां किसी जंगली जानवर के आने पर व्यक्ति भाग खड़ा हुआ होगा और जानवर ने मासूम पर हमला कर दिया होगा। अन्यथा यह भी आशंका जताई जा रही कि किसी व्यक्ति ने रंजिश वश मासूम को जंगल में ले जाकर मारने के बाद उसे जंगली जानवर के हमले का रुप देने का प्रयास किया। इस मामले में वरुण जैन का कहना है कि मासूम की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। विभागीय जांच सिर्फइस एंगल पर है कि मासूम को किस जंगली जानवर ने मारा, इसमें किसी व्यक्ति द्वारा वारदात को अंजाम तो नहीं दिया गया यह पुलिस की जांच का विषय है। सीतानदी अभ्यारण्य की टीम ने घटनास्थल के आसपास कैमरे लगा दिया है अब निगरानी की जा रही है। घटनास्थल के करीब अब जंगली जानवर की मूवमेंट होने पर पता चल जाएगा कि मासूम पर किसने हमला किया।

निगम के सामने कांग्रेसी पार्षदों का धरना, पंडाल हटाने पहुंची प्रशासन व पुलिस की टीम, हुआ जमकर विरोध

धमतरी, 17 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। नगर निगम महापौर के खिलाफ मोर्चा खोल सात सूत्रीय मांगों को लेकर विपक्षी पार्षदों का सात दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है. आज दूसरे दिन जब पुन: धरना शुरू हुआ पुलिस व प्रशासन की टीम धरना पंडाल हटाने पहुंची. लेकिन इसका कांग्रेसियो ने इसका जमकर विरोध किया. विवाद की स्थिति भी बनी. फिर कांग्रेसियो द्वारा नारे बाजी की गई.कांग्रेसियों ने कहा कि महापौर कांग्रेस के धरना से डर गए है इसलिए सत्ता का दुरूपयोग कर उनके धरना पंडाल को हटवाने पुलिस प्रशासन का सहारा ले रहे हैं. लेकिन कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है. पूर्व महापौर विजय देवांगन सहित कांग्रेसियो ने नंगाड़ा बजाकर विरोध जताया.धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व महापौर विजय देवांगन आनंद पवार आकाश गोलछा दीपक सोनकर विशु देवांगन योगेश लाल सूरज गहरवाल सुमन मेश्राम रामेश्वरी कोसरे पूर्णिमा गजानंद रजक,उमा भागी ध्रुव,राजेश पांडे, रुपेश राजपूत, ज्योति ,कमलेश सोनकर,देवेंद्र देवांगन आदि उपस्थित रहे।

- पूर्व महापौर विजय देवांगन सहित कांग्रेसियों ने नंगाड़ा बजाकर जताया विरोध
- निगम,राज्य,केंद्र से कांग्रेस की सरकार उखड़ गई अब उनके पास पंडाल ही बचा है : रामू रोहरा

मुद्दा विहीन है कांग्रेसी धरना के बहाने बैठे हैं धूप सेकने- महापौर

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि कांग्रेसी मुद्दा विहीन है. सिर्फ राजनीति करने धरने पर बैठे हैं. कांग्रेस मुद्दा विहीन हो चुकी है. निगम,राज्य,केंद्र से कांग्रेस की सरकार उखड़ गई अब उनके पास पंडाल ही बचा है. प्रशासन अपना काम. कर रही है पंडाल उखड़वाना न उखाड़वाना यह प्रशासन व पुलिस का कार्य है मेरा नहीं.वार्डो मे काम न चालू है विकास हो रहा है कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है. दिवाली मे एडवांस मे वेतन दिया गया था. आरोप निराधार है.